आज का सुविचार
सकारात्मक सोच से दुनिया बदल जाती है।

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 82 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 29 अगस्त 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# Court के आदेश को मानते समय किसी अधिकारी से कोई अपराध हो जाए तब उसे सजा मिलेगी या माफी जानिए

न्यायालय से किसी व्यक्ति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होता है और पुलिसकर्मियों वारंट का पालन करते हुए संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लेता है, तो यह कर्म, अपहरण का अपराध नहीं माना जाएगा जानिए-

**भारतीय न्या संहिता, 2023 की धारा 16 की परिभाषा**- यदि कोई व्यक्ति किसी न्यायालय के निर्णय या आदेश के अनुसरण में कोई कार्य करता है, तो वह अपराध नहीं माना जाएगा, भले ही उस न्यायालय को ऐसा निर्णय या आदेश देने की अधिकारिता न रही हो।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### इस धारा के आवश्यक तत्व

1. **न्यायालय के निर्णय या आदेश के अनुसरण में**- यदि कोई व्यक्ति न्यायालय के निर्णय या आदेश के अनुसार कोई कार्य करता है, तो वह अपराध नहीं माना जाएगा।
2. **सद्भावपूर्वक विश्वास**- यह आवश्यक है कि व्यक्ति सद्भावपूर्वक विश्वास करे कि न्यायालय को ऐसा निर्णय या आदेश देने की अधिकारिता थी।
3. **अधिकारिता की कमी**-यदि न्यायालय को वास्तव में ऐसा निर्णय या आदेश देने की अधिकारिता नहीं थी, तो भी व्यक्ति का कार्य अपराध नहीं माना जाएगा, यदि उसने सद्भावपूर्वक विश्वास किया था कि न्यायालय को अधिकारिता थी।

**मामला- रामजी बनाम राज्य, 1959, इलाहाबाद उच्च न्यायालय** -राम जी नाम के व्यक्ति को, हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। राम जी ने माननीय उच्च न्यायालय को बताया कि उसने, पुलिस के आदेश का पालन करने के लिए उसे व्यक्ति की हत्या कर दी थी। दरअसल, पुलिस ने राम जी को आदेश दिया था कि वह उसे व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुलिस थाने तक आए। उसे किसी भी कीमत पर ना छोड़े। रास्ते में उसे व्यक्ति ने हिरासत से भागने का प्रयास किया और उसे रोकने की प्रक्रिया में, उसे व्यक्ति की मृत्यु हो गई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रामजी को बरी कर दिया। न्यायालय ने यह माना कि रामजी ने पुलिस के आदेश का पालन करते हुए उस व्यक्ति की हत्या की थी। रामजी ने यह भी साबित किया था कि वह सद्भावपूर्वक विश्वास करता था कि पुलिस को उस व्यक्ति को गिरफ्तार करने की अधिकारिता थी।

The Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 section 16,
Punishment

न्यायालय के आदेश या निर्णय का पालन करवाना किसी भी तरह से अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। ऐसे व्यक्ति के प्रति कोई परिवाद दायर करता है तो न्यायालय के आदेश या निर्णय के पालन करवाने वाले व्यक्ति को ध क्ष्हस् की धारा 16 के अनुसार क्षमा किया जायेगा एवं किसी भी प्रकार के अपराध का दोषी नहीं माना जाएगा।

# राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

## जिन विभागों में गुंजाइश थी, वहां 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया



- **मुख्यमंत्री की पहल पर हुई ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने सर्वदलीय बैठक**
- **मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल को सभी राजनीतिक दलों ने सराहा**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का विषय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। प्रदेश में सभी राजनीतिक दल अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए सहमत हैं। विभिन्न पक्षों के अधिवक्ता इस विषय में न्यायालय के सामने अपने-अपने बिन्दु रख रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण विषय पर 22 सितम्बर से प्रतिदिन सुनवाई करेगा।

इस विषय पर सभी दलों की सहमति हो, इस संबंध में गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया गया कि इस विषय में सभी दल एकजुट होकर एक फोरम पर आएंगे और विभिन्न पक्षों के अधिवक्तागण भी 10 सितम्बर तक एक साथ बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के संबंध में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई सर्वदलीय बैठक के बाद जारी अपने संदेश में यह बात कही। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी राजनीतिक दल एक मत से राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए कटिबद्ध हैं। प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों को राज्य शासन और उसके विभिन्न घटकों द्वारा की गई चयन प्रक्रिया में विभिन्न न्यायिक आदेशों के फलस्वरूप नियुक्ति आदेश जारी किए जाने से वंचित शेष 13 प्रतिशत अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए जाने सभी दल एकजुट होकर इसे क्रियान्वित करने के लिए विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के सभी फोरम पर मिलकर प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुसार हरसंभव प्रयास किए हैं। जिन विभागों में गुंजाइश थी उन सभी विभागों में आरक्षण देने में सरकार पीछे नहीं रही।

# Criminal law - कई जान बचाने, यदि एक को मारना पड़े तो सजा मिलेगी या शाबाशी, जानिए

यदि कोई यात्री वाहन चालक, अनेक यात्रियों की जान बचाने के लिए, कोई अन्य विकल्प न होने की स्थिति में, किसी व्यक्ति को टक्कर मार दे, वह व्यक्ति घायल हो जाए अथवा उसकी मृत्यु हो जाए, तब ड्राइवर के साथ किस प्रकार का कानूनी व्यवहार होगा। उसे अनेक यात्रियों की जान बचाने के लिए शाबाशी दी जाएगी या फिर एक व्यक्ति को टक्कर मार कर घायल करने अथवा उसकी मृत्यु के लिए सजा दी जाएगी। आईए पता लगते हैं-

* Bharatiya Nyaya Sanhita , 2023 की धारा 19, भारतीय की परिभाषा ज़

अगर कोई व्यक्ति ऐसा सावधानीपूर्वक कार्य कर रहा है जिससे किसी भी प्रकार की हानि होने की संभावना नहीं है और किसी को हानि हो जाती है तब ऐसा अपराध क्षमा योग्य माना जायेगा। निम्न शर्तो के अधीन-

1. कार्य करते समय व्यक्ति का कोई आपराधिक उद्देश्य नहीं होना चाहिये।
2. व्यक्तियों या संपत्ति को बचाने के लिए सावधानीपूर्वक किया गया कार्य।
3. बिना आपराधिक आशय से कम अपहानि के बदले ज्यादा अपहानि को होने से रोकने के लिए किया गया कार्य।

उधारानुसार- अगर किसी जल मार्ग में बड़ा जलयान चल रहा है एवं उसके अगल-बगल में छोटी-छोटी नावे चल रहा है। जलयान में 60 से अधिक व्यक्ति बैठे हुए हैं तब जलयान के सामने पत्थर आने वाला होता है, जिससे जलयान नष्ट हो सकता है। तब जलयान चालक 60 व्यक्तियों को बचाने के लिए अपनी सीमा में परिवर्तन करेगा एवं इससे छोटी नाव में एक या दो व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है एवं नाव क्षतिग्रस्त हो जाती है। तब जलयान चालक द्वारा कोई अपराध नहीं माना जायेगा क्योंकि उसने ज्यादा व्यक्ति की जान बचाने के लिए ऐसा कार्य बिना आपराधिक उद्देश्य से किया था।


रेल दुर्घटनाओं के मामले में ट्रेन के चालक इसी धारा के तहत क्षमादान दिया जाता है

The Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023
section 19, Punishment

यदि ड्राइवर के सामने दो विकल्प हैं। एक तरफ अपने यात्रियों की जान बचाने के लिए वह राहगीर को टक्कर मार सकता है और दूसरी तरफ राहगीरों की जान बचाने के प्रयास में उसके मोटर वाहन को नुकसान हो सकता है। ऐसी स्थिति में यदि वह राहगीर को टक्कर मारता है और कहता है कि अनेक यात्रियों की जान बचाने के लिए उसने एक राहगीर को टक्कर मारी है, तब उसे इस धारा के तहत क्षमा नहीं किया जाएगा।


**- लेखक बी.आर. अहिरवार ( पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद**

# ग्राम पंचायत कुदरी में बड़ा घोटाला, 2 प्रति फोटोकॉपी के लिए चुकाए गए चार हजार रुपये, ग्रामीणों में भारी आक्रोश










**कैलाश कुमार - सह संपादक**
**( युवाप्रदेश )**

**शहडोल/कुदरी-** मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रष्टाचार की जानकारी मिलना आम बात हो चुकी है. ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में सरपंच भी बड़ा किरदार निभा रहे हैं. जयसिंह नगर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदरी में ऐसे ही कई भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें सरपंच की पूरी मिलीभगत साफ नजर आ रही है. आइये आपको बताते हैं कि पूरा मामला क्या है? 15 अगस्त के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत कुदरी में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जहां सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देनी थी. साथ ही ग्राम पंचायत में विकास कैसे करें, इस पर चर्चा होनी थी. मगर ग्रामीणों द्वारा जब कुछ मामलों पर सवाल उठाए गए तो पंचायत के पास संतुष्ट जवाब नहीं था.

**2 प्रति फोटो कॉपी के लिए चुकाए 4000 रुपये:** ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत कुदरी में बड़ा घोटाला हो रहा है. दो हजार रुपये प्रति कॉपी के हिसाब से सिर्फ दो प्रति के लिए चार हजार रुपये चुकाए गए हैं. क्या पंचायत के लिए एक फोटो कॉपी मशीन नहीं खरीदा जा सकता है. जब इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए तो सरपंच चंद्रवती सिंह के पास कोई जवाब नहीं था.

**ग्राम पंचायत कुदरी में गड़बड़ी:** पंचायत के द्वारा लगाए गए बिलों में भारी मात्रा में गड़बड़ी पाई गई है. एक बिल ऐसा भी है जिसमें पंचायत एक ही दुकान से मोटर वाइंडिंग पंप का काम करा रही है, जो सीमेंट, गिट्टी,बोल्डर, बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई का काम करती है. दूसरी तरफ, कुदरी पंचायत पंचायत में न समुदाय भवन है और न ही सार्वजनिक शौचालय की सही व्यवस्था.

**ग्रामीणों ने की हायलोजन लाइट की मांग :** 15 अगस्त की ग्रामसभा में ग्रामीणों ने पंचायत को इस मामले को लेकर एक लिखित आवेदन भी दिया है, जिसमे ग्रामीणों के द्वारा मांग की जा रही है कुदरी पंचायत के सभी बिजली के पोलो (जो मुख्य सड़क से जुड़े) में हायलोजन लाइट की व्यवस्था की जाए ताकि रात में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके.पंचायत में बहुत से जगह में PCC रोड की जरूरत है पंचायत उस पर भी ध्यान दे.


**गांव के लोगों को मिलना चाहिए रोजगार:** ग्राम पंचायत के समीप ही सामुदायिक भवन या फिर अम्बेडकर भवन बनाने की भी मांग की गई है, जिसका निर्माण कार्य पंचायत स्वयं करें, जिससे पंचायत के लायक युवाओं को रोजगार मिल सकें. ग्राम पंचायत कुदरी की बदहाली को देखकर बहुत से ग्रामीणों के अंदर बहुत आक्रोश भरा है. उनका कहना है कि जिन्हें हमने वोट दिया, यह सोचकर कि वो हमारी समस्याओं का निदान करेंगे. वो ही आज कुछ खास लोगों को लाभ देने में लगे हुए हैं।

# जब समिति की ही सदस्य ने उठाया सवाल, तो भर्ती की पारदर्शिता पर क्यों न लगे ताला?

**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

अनुपपुर /राजनगर! - आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती का मामला अब और पेचीदा होता जा रहा है। राजनगर वार्ड क्रमांक 05 में हुई भर्ती प्रक्रिया में जिस तरह से असली वार्ड प्रत्याशी को नज़रअंदाज़ कर बाहरी वार्ड की महिलाओं को पात्र घोषित किया गया, उसने पूरे नगर में सवाल खड़े कर दिए हैं। खबर प्रकाशित होने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश और तेज़ हो गया।



लोगों का कहना है कि यह भर्ती प्रक्रिया पहले से ही फिक्स थी और नियम-कायदों को ताक पर रखकर चहेते उम्मीदवारों को लाभ पहुंचाया गया। इसी बीच चयन समिति की सदस्य पार्वती पनिका भी अब खुलकर सामने आ गई हैं। उन्होंने जिला पंचायत अनूपपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखते हुए साफ कहा है कि यह चयन प्रक्रिया पूरी तरह संदिग्ध है, इसलिए इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। पनिका ने निष्पक्ष जांच की भी मांग की है ताकि असली वार्ड की महिला उम्मीदवार को न्याय मिल सके और भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई हो सके। उन्होंने पत्र में लिखा है कि वार्ड क्रमांक 05 की पात्र महिला उम्मीदवार के पास सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद होने के बावजूद उसे अपात्र घोषित कर दिया गया, जबकि वार्ड 03, 09 और 11 जैसे अन्य वार्डों की प्रत्याशियों को पात्र मान लिया गया। यह न सिर्फ नियमों का खुला उल्लंघन है बल्कि स्थानीय हक़दार महिलाओं के अधिकारों का सीधा हनन भी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो आंगनवाड़ी भर्ती भी छोटे स्तर का व्यापम घोटाला बनकर रह जाएगी। यहां असली प्रत्याशी को तो 'नो एंट्री' दिखा दिया गया और बाहरी उम्मीदवारों को 'ग्रीन सिग्नल' मिल गया। सवाल यह है कि आखिर सरकार का 'मूल निवासी को प्राथमिकता' वाला नियम सिर्फ किताबों में क्यों रह गया? जनता का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है और लोग मांग कर रहे हैं कि मामले की उच्चस्तरीय जांच हो, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके। अब देखना यह होगा कि महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन इस भर्ती पर क्या निर्णय लेते हैं। क्या निष्पक्ष जांच कर असली हकदार को न्याय मिलेगा या यह मामला भी फाइलों के ढेर में दबकर रह जाएगा?

# अध्यक्ष के बनने पर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, जाम में फंसी एंबुलेंस, युवक के कान के पास फटा पटाखा



**संभागीय संवाददाता -राजू राय**

शहडोल जिला कांग्रेस के नए अध्यक्ष अजय अवस्थी के चयन पर शहर में रैली निकाली गई। इस दौरान जाम लगने से दो एंबुलेंस फंस गईं, जिससे मरीजों को परेशानी हुई। वहीं, पटाखे से युवक घायल होते-होते बचा।शहडोल जिला कांग्रेस ने नए अध्यक्ष अजय अवस्थी के चयन पर मंगलवार को रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया गया। जय स्तंभ चौक से शुरू होकर कांग्रेस भवन तक निकाली गई इस रैली में कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर था। रैली के दौरान अजय अवस्थी जिंदाबाद और कांग्रेस जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। हालांकि, इस दौरान शहर में अव्यवस्था भी देखने को मिली। जय स्तंभ चौक पर भीड़ बढ़ने से कलेक्ट्रेट के पास दो एंबुलेंस जाम में फंस गई। जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचने में कठिनाई हुई, इससे परिजनों में आक्रोश फैल गया। वहीं, कांग्रेस भवन पहुंचने पर पटाखे फोड़ते समय भी एक हादसा होते-होते बचगया। रैली में की जा रही आतिशबाजी के दौरान अचानक एक पटाखा युवक के कान के पास जाकर फट गया, जिससे वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने हस्तक्षेप कर हालत संभाले।

# 5 दिनों से जिले में घूम रहा है हाथी, खेत, बाड़ी व घरो को पहुँचा रहा नुकसान, लोगो को एलर्ट रहने की सलाह

## प्रशासन व वन विभाग एलर्ट, हाथी की कर रहा है निगरानी

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**





अनूपपुर। एक बार फिर दो दांत वाला एक बड़ा नर हाथी विगत 5 दिन पहले छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही की सीमा को पार करते हुए मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी,अनूपपुर वन परिक्षेत्र,थाना की सीमा से घूमता हुआ विगत तीन दिनों से वन परिक्षेत्र एवं थाना राजेंद्रग्राम के इलाके में घूम रहा है, दिन का समय जंगल में बिताते हुए शाम एवं रात होते ही जंगल से लगे ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के मकान में तोड़फोड़ कर खेत एवं बांडियो में लगे विभिन्न प्रकार की फसलों को अपना आहार बना रहा है, बुधवार की सुबह यह हाथी राजेंद्रग्राम थाना एवं वन परिक्षेत्र के गुट्टीपारा बीट के जंगल में पहुंचकर ठहरा हुआ है। दो दांत वाला एक नर हाथी 22 अगस्त की सुबह छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके से सीमा को पार कर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी थाना एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत एवं वन बीट चोलना में प्रवेश कर, कुकुरगोड़ा में एक महिला यशोदा सिंह को घायल कर धनगवां के जंगल में ठहरते हुए, देर शाम एवं रात को कुसुमहाई गांव में पुरुषोत्तम सिंह का मकान तोड़ कर, लहरपुर के गोडानटोला में 46 वर्षीय हेमराज सिंह को घायल कर जैतहरी नगर के बस स्टैण्ड से तिपान नदी पार कर गोबरी के जंगल से ठेंगरहा में कुन्ना कोल के घर का दरवाजा तोड़ कर अन्दर रखे सामान को निकाल कर खाते, फैलाते वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दुधमनिया बीट के गौरेला पंचायत के वरटोला से लगे जंगल में ठहरे कर रात को गौरेला पंचायत के ठेही गांव में जयलाल सिंह के घर को तोड़ते जंगल हो कर बैहार पंचायत के दोखहाटोला में रामदास बैगा,मोहन बैगा के खेत/बांडी में लगे अनाज खाते देर रात राजेंद्रगाम के कछुवाकोनहा निवासी कोदूलाल सिंह, रघुनाथ सिंह एवं गुरुदयाल सिंह के घरों में तोड़फोड़ कर घर में रखे विभिन्न तरह के अनाजों को खाते हर्रई,गिरारी से सुबह होने पर वन बी ट पटना के छुलहा,गढ़ी के जंगल में ठहर कर रात में बधार,गिरारीखुर्द,हर्षवाह से सुबह होने पर वन परिक्षेत्र जैतहरी के वन बीट बैहार के जंगल जो राजेंद्रग्राम के मझगवां पंचायत के भाटीबहरा गांव से लगा हैं, ठहरते रात होने पर मझगवां गांव में छोटू सिंह के घर में तोड़फोड़ कर लोहारिनटोला से जोहिला नदी पार कर बसनिहा से शहडोल अमरकंटक मुख्य मार्ग पार कर वरटोला में मनोहर सिंह का घर तोड़ते, छपानी में कृष्णा सिंह,कमल सिंह के घर को नुकसान पहुंचाते छींदपानी बीट,गाम पंचायत जीलंग के जंगल में ठहरे कर रात होने पर छींदपानी के बैगानटोला में राम सिंह एवं भोला सिंह के घरों में तोड़फोड़ कर घर में रखे विभिन्न तरह के अनाजों को खाते जंगल के अंदर 10 से 12 किलोमीटर की दूरी तय कर बुधवार की सुबह वन बीट गुट्टीपारा पंचायत लमसरई के केशवानी गांव के आमाटोला से लगे जंगल में ठहरा हुआ है। एक अकेले हाथों के निरंतर विचरण करने पर वनविभाग का गश्ती दल संबंधित वन परिक्षेत्र के वन अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ हाथी के विचरण पर निगरानी करते हुए हाथी के संभावित विचरण क्षेत्र में जाने वाले इलाके के ग्रामीणों को सुरक्षित रहने हेतु विभिन्न माध्यमों से अपील कर सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की है।

# सरकारी चिकित्सक की सेवाएं लेने पर बैरसिया स्थित प्राइवेट क्लीनिक का लाइसेंस निरस्त



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

बैरसिया में संचालित बचपन एंड निरोग्य क्लीनिक के संचालन की अनुमति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा निरस्त की गई है। इसके पूर्व क्लीनिक संचालक को सीएमएचओ कार्यालय की ओर से नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था।

संतोषजनक जवाब नहीं देने पर नर्सिंग होम एंड क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों के तहत लाइसेंस एवं पंजीयन निरस्त किया गया है। पूर्व में इस क्लीनिक का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा द्वारा किया गया था । इस दौरान यहां पर सिविल अस्पताल बैरसिया के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पेंद्र चौकीकर प्रैक्टिस करते हुए पाए गए थे। सीएमएचओ द्वारा गंभीर आपत्ति लेते हुए बिना अनुमति एवं सूचना के निजी संस्था में प्रैक्टिस करने पर डॉ चौकीकर को नोटिस जारी किए थे। निजी क्लीनिक को भी शासकीय चिकित्सक की सेवाएं लिए जाने पर मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं अधिनियम 1997 (यथा संशोधित ) 2021 के तहत नोटिस जारी किया गया था।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि क्लीनिक का लाइसेंस निरस्त किया गया है। यहां पर कोई भी चिकित्सकीय गतिविधियां नहीं की जा सकेगी । इस मामले में डॉक्टर पुष्पेंद्र चौकीकर को भी नोटिस दिया गया है। विभागीय नियमों के अनुसार उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया प्रचलन में है।

# धोखाधड़ी के आरोपी को छत्तीसगढ़ से पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**



अनूपपुर। फरियादी राम लखन गुप्ता पिता मुकुन्दी लाल गुप्ता उम्र 46 वर्ष निवासी सोडा फैक्ट्री बरगंवा थाना चचाई इस आशय का शिकायत किया कि मोबाईल फोन के माध्यम से धोखाधड़ी कर प्लास्टिक की बोरी (झाल) बनाने वाली बारदाना (कच्चा माल) भेजवाने का झांसा देकर राजेश अग्रवाल निवासी रायपुर के व्दारा फोन पे के माध्यम से 82 हजार रूपये खाता में ट्रांसफर करा लिया गया है, उसके व्दारा न तो कच्चा माल भेजा गया और न ही पैसा वापस किया जा रहा है। आवेदक के शिकायत आवेदन पत्र की जांच के उपरांत थाना चचाई में आरोपी राजेश अग्रवाल निवासी रायपुर (छ0ग0) के विरूद्ध अपराध क्र0 165/2025 धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना की गई। प्रकरण के आरोपी राजेश अग्रवाल पिता राम निवास अग्रवाल उम्र 48 वर्ष निवासी अवंती बिहार जगन्नाथ मंदिर के पास गोकुल अपार्टमेन्ट प्रथम तल जी 373 रायपुर थाना खम्हारडीह जिला रायपुर (छ0ग0) की पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के मार्गदर्शन व निर्देशन में थाना प्रभारी चचाई के नेतृत्व में पुलिस टीम भेजकर रायपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय अनूपपुर के की समक्ष पेश किया।

# केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नए मेडिकल कॉलेज का किया वर्चुअली लोकार्पण



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने सोमवार को जबलपुर के घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक सूचना केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रिमोट का बटन दबाकर श्योपुर और सिंगरौली जिले में नवनिर्मित नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का वर्चुअली लोकार्पण किया। केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने इन दोनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स की 100-100 सीटों के प्रवेश के लिए केन्द्र सरकार की ओर से लैटर ऑफ परमिशन भी राज्य सरकार को दिया। उन्होंने कहा कि लैटर ऑफ परमिशन के जरिए इन दोनों मेडिकल कॉलेज के संचालन और प्रवेश की प्रक्रिया भी आज से ही प्रारंभ कर दी गई है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि हमारी नई स्वास्थ्य नीति में हमने बीमार होने के बाद इलाज करने की पुरानी व्यवस्था के बजाय नागरिक बीमार ही न पड़ें, इसके लिए प्रिवेन्टिव और प्रमोशनल हेल्थ केयर पर फोकस किया। टोटल हैल्थ केयर सेक्टर में हम विकास और विस्तार की एक नई कहानी लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का पहला ऐसा देश है, जिसने अपनी अधिकतम आबादी को बीमारी की इलाज के लिए 5 लाख रुपये सालाना हैल्थ कवरेज दिया है। आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के जरिए हमने यह कर दिखाया है। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग का अमला इस उपलब्धि के लिए बधाई और साधुवाद के पात्र हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा और मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बैतूल, पन्ना, धार और कटनी जिले में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर स्थापित होने वाले नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए संबंधित निवेशक समूहों के साथ अनुबंध पत्रों पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान भी किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 8 लाख पात्र वरिष्ठ नागरिकों को 'वय वंदना कार्ड' के वितरण कार्य का शुभारंभ करते हुए मंच से 5 वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना के पीवीसी कार्ड का वितरण किया। साथ ही रिमोट का बंटन दबाकर 'आयुष्मान सखी' स्मार्ट चैटबॉट और आशा संवाद कार्यक्रम की शुरुआत भी की। मातृ-गर्भावस्था आहार प्रचार सामग्री एवं मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड का विमोचन भी किया गया। राज्य सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 'स्वस्थ यकृत मिशन' के तहत एक करोड़ लोगों की लीवर स्क्रीनिंग पूरी कर ली है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा हासिल की गई इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के समर्पण की सराहना की और बधाई दी। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि स्वस्थ भारत से ही सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण होगा। नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश हैल्थ सैक्टर में नेतृत्व प्रदान कर रहा है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत सरकार देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर क्रांतिकारी बदलाव कर रही है। पहले हमारी स्वास्थ्य नीति क्योरेटिव थी अर्थात बीमारी के बाद उसका इलाज करना। अब होलिस्टिक पॉलिसी बनी है, जिसमें प्रिवेंटिव क्योर, हैल्थ प्रमोशन जैसी बातों पर ध्यान दिया गया।

# लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर सीएमएचओ का कड़ा रुख, निलंबन और वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**





स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों का मैदानी स्तर पर ठीक ढंग से क्रियान्वयन नहीं करने पर सीएमएचओ भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने कड़ा एक्शन लेते हुए सवा दर्जन कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। इनके विरुद्ध निलंबन, वेतन वृद्धि रोकने सहित अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी में उदासीनता बरतने पर ये कार्यवाही हुई है। कर्मचारियों द्वारा अनमोल पोर्टल पर प्रसव पूर्व पंजीयन बेहद कम संख्या में किए गए हैं। शनिवार को सीएमएचओ द्वारा कोलार एवं गोविंदपुरा क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई थी। इस दौरान मैदानी स्तर पर सेवाओं को सही ढंग से क्रियान्वित नहीं करने पर उनके द्वारा कड़ी नाराजगी जताई गई। लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कोलार सर्किल के वार्ड 51 की एएनएम को निलंबित करने और वार्ड 82 एवं 84 की एएनएम के वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही प्रभारी अधिकारियों को प्रतिदिन पोर्टल आधारित समीक्षा के निर्देश भी दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व सेवाएं देना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। कर्मचारियों की उदासीनता अथवा लापरवाही के कारण हितग्राहियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# पर्यावरण बचाने बच्चों का अनूठा प्रदर्शन

**गीतेश सिंह नरवरिया भोपाल।**

पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चे कितने जागरूक हैं, यह राजधानी के शारदा विद्या मंदिर स्कूल में देखने को मिला। अवसर था- विश्व जल सप्ताह के चलते आयोजित विशेष सभा का। बच्चे प्रकृति को बचाने, प्रदूषण न फैलाने, वन्य प्राणियों का शिकार न करने और स्वच्छता का संदेश देते हुए एक-एक कर मंच पर आए तो बच्चों के अनोखे प्रदर्शन ने सभी को आश्चर्य मिश्रित खुशी से हर्षित कर दिया।

भावविभोर दर्शकों और स्कूल स्टॉफ ने तालियां बजाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। बच्चे अपने साथ सेव अर्थ से सम्बंधित मॉडल बनाकर भी लाए। भोपाल के रातीबड़ मार्ग पर स्थित शारदा विद्या मंदिर स्कूल के कक्षा नर्सरी के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से यह बताया कि सही दिशा



और प्रेरणा देकर छोटे बच्चे भी बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं, पर्यावरण संरक्षण में उनकी भागीदारी समाज में एक नई जागरूकता और सक्रियता का परिचायक है। विशेष सभा में बच्चे यूनीफार्म की बजाय पर्यावरण को बचाने का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में दिखाई दिए। बच्चों ने जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने के लिए रचनात्मक चित्रांकन प्रस्तुत किया। स्कूल की प्राचार्य ने बताया कि बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति कौशल विकसित करने और बच्चों के साथ-साथ सभी को प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के लिए प्रेरित और जागरूक करने के लिए यह विशेष सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, विशेषकर बच्चों के माध्यम से भविष्य की पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति दायित्व बोध को जागृत करना है। बच्चों ने बताया कि सिर्फ एक दिन 5 जून को ही विश्व पर्यावरण दिवस न मनाया जाए, बल्कि प्रत्येक दिवस और जब भी समय मिले तब पर्यावरण को बचाने के लिए कार्य किया जाए। यूं भी अगस्त महीने में स्वतंत्रता दिवस के साथ ही मानवता दिवस, शेर दिवस, हाथी दिवस, श्वान दिवस, व्हेल शार्क दिवस, मच्छर दिवस, अक्षय ऊर्जा दिवस, अंगदान दिवस और अंतरिक्ष दिवस भी मनाया जाता है। यह सभी दिवस हमारे भीतर चेतना जागृत करने और पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को कुछ-न-कुछ प्रयास अवश्य ही करने का संदेश देते हैं। बच्चों के इस अनूठे प्रदर्शन को सभी के द्वारा भरपूर सराहा गया। बच्चे भी अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन और प्रसंशा से प्रफुल्लित हो उठे।

# भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान का द्वादश दीक्षांत समारोह

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भोपाल स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (इ्ड्ढस्श्वक्र) में सोमवार को आयोजित 12वें दीक्षांत समारोह% में उपाधि प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने भारत की उज्ज्वलतम प्रतिभाओं को देश में ही बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। चौहान ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से भावनात्मक आह्वान करते हुए कहा कि वे विदेशों में अवसर तलाशने के बजाय, भारत के विकास और नवाचार प्रणाली में सक्रिय योगदान दें। चौहान ने इस बात को रेखांकित किया कि सिलिकॉन वैली जैसे वैश्विक तकनीकी केंद्रों में बड़ी संख्या में भारतीय प्रतिभाएं काम कर रही हैं। स्नातकों को प्रेरित किया कि वे अपनी योग्यता और कौशल का उपयोग भारत के हित में करें। उन्होंने %ब्रेन ड्रेन% की प्रवृत्ति को उलटने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि युवा देश में ही सफल करियर और उद्यम खड़े करें, जिससे विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत की नींव मजबूत हो। श्री चौहान ने विद्यार्थियों को जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर, समाज और देश के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्थानीय उत्पादों और व्यवसायों के समर्थन की आवश्यकता पर भी बल दिया।




उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाते और बढ़ावा देते हैं, तब न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है, बल्कि करोड़ों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होते हैं। यह प्रक्रिया ग्रामीण और शहरी दोनों समुदायों को सशक्त बनाती है और समावेशी विकास को बढ़ावा देती है। विश्वास जताया कि आने वाले समय में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सभी मेधावी शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। परमार ने कहा कि विश्व एक बाजार नहीं, अपितु एक परिवार है। वसुधैव कुटुंबकम का यही मूल भाव, भारत की संस्कृति है। यह भारतीय दृष्टिकोण विश्वमंच पर जितना प्रभावशाली एवं व्यापक होगा, वैश्विक परिधियों में लोक कल्याण का मार्ग उतना ही प्रशस्त होगा। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में, प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में भारतीय भाषाओं को पढ़ाया जाएगा। प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक भारतीय भाषा सिखाने की कार्य योजना तैयार की जा रही है और इसका विद्यार्थियों को उनके मूल्यांकन में वेटेज देने की भी कार्ययोजना है। प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में भारतीय भाषाओं को पढ़ाने से देश भर में यह संदेश जाएगा कि भाषा जोड़ने का काम करती हैं। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि कृतज्ञता का भाव, भारत की सभ्यता एवं विरासत है। किसी के कार्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करना, कृतज्ञता भाव रूपी भारतीय दर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण है। परमार ने कहा कि पेड़ों, जलस्रोतों सूर्य आदि प्राकृतिक ऊर्जा स्रोतों के पूजन एवं उपासना की पद्धति भारतीय समाज में परंपरागत रूप से विद्यमान है। यह परंपरा प्रकृति सहित समस्त ऊर्जा स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए, उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भाव है। हम सभी कृतज्ञतावादी है, न कि रूढ़िवादी। समाज में विद्यमान परम्पराओं के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में पुन: शोध एवं अनुसंधान के साथ समृद्ध करने की आवश्यकता है। हमारे पूर्वज सूर्य उपासक थे, प्राकृतिक ऊर्जा स्रोतों की उपयोगिता और महत्व को जानते थे। परमार ने कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत सौर ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर होकर अन्य देशों की भी पूर्ति करने में समर्थ होगा। साथ ही वर्ष 2047 तक खाद्यान्न के क्षेत्र में भी आत्म निर्भर होकर अन्य देशों का भरण-पोषण करने में भी सामर्थ्यवान बनेगा। हम सभी की सहभागिता से अपने पूर्वजों के ज्ञान के आधार पर पुन: विश्वमंच पर सिरमौर राष्ट्र का पुनर्निर्माण होगा। इसके लिए हमें स्वाभिमान के साथ हर क्षेत्र में अपने परिश्रम और तप से आगे बढ़कर, विश्वमंच पर अपनी मातृभूमि का परचम लहराना होगा। अपनी गौरवशाली सभ्यता, भाषा, इतिहास और ज्ञान के आधार पर हम सभी की सहभागिता से भारत पुन: विश्वगुरु बनेगा। समारोह में संस्थान के विभिन्न संकायों में कुल 423 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। विशिष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में संस्थान द्वारा दिए जाने वाला राष्ट्रपति स्वर्ण पदक एवं निदेशक स्वर्ण पदक कौशिक मेधी (बीएस-एमएस) को दिया गया। समारोह में 16 छात्र-छात्राओं को प्रवीणता पदक और 6 विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ थीसिस पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में संस्थान की इनोवेशन मैगजीन का विमोचन भी हुआ।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला स्तरीय महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक एवं ज्ञापन कार्यक्रम रायसेन।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**




रायसेन। भीम आर्मी जिला रायसेन एवं तहसील,ब्लॉक, विधानसभा, कमेटी के सभी पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30 अगस्त 2025 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय रायसेन में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक एवं ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक संगठन के भविष्य की दिशा तय करने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है । जिसमें भीम आर्मी के तमाम कर्यकर्ताओं को सम्मिलित होने का आग्रह किया गया।

**तिथि**- 30 अगस्त 2025 दिन शनिवार

**समय**- प्रात: 12:00 बजे से 3 बजे तक बैठक शाम 3 बजे से 5 तक ज्ञापन कार्यक्रम ।

**स्थान**- जाटव सामुदायिक भवन होमगार्ड ऑफिस के पास रायसेन (म.प्र.)।

## जय बाबा बर्फ़ानी गणेश उत्सव समिति ब्रह्मा नगर उदयपुरा में गणपति जी की आकर्षक प्रतिमा की स्थापना

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा। पूरे देशभर में गणेश चतुर्थी का पावन पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में उदयपुरा नगर के ब्रह्मा नगर स्थित जय बाबा बर्फ़ानी गणेश उत्सव समिति द्वारा मंगलवार को गणपति बप्पा की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमा की स्थापना की गई। स्थापना अवसर पर समिति के संरक्षक और सदस्यों में पप्पू खटीक, प्रशांत खटीक, सोम खटीक, अजय खटीक, लालू कुशवाहा, कन्हैया धाकड़, सचिन, मोनू धाकड़, सम्राट सहित पूरी मित्र मंडली ने मिलकर गणपति जी की आकर्षक झांकी सजाई। प्रतिमा की भव्यता और सजावट ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे उत्साह के साथ गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिमा स्थापना के साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन किया जाएगा।



# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यूथ आइडल विवेक भास्कर ने सौपा मांग पत्र

## निवाड़ी में विधि महाविद्यालय की होगी स्थापना।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**



निवाड़ी। निवाड़ी जिले के विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य बेहतर शिक्षा को लेकर लगभग चार वर्षो से मांग कर रहे यूथ आइडल कवि विवेक भास्कर प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अहिरवार समाज संघ ने लोकप्रिय मुख्यमंत्री डा.श्री मोहन यादव जी से सौजन्य भेंट करते हुए मांग पत्र सौपा है । जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव जी को संबोधित करते हुए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रधानमंत्री आंफ एक्सीलेंस शासकीय अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्नाकोतर महाविद्यालय पीजी कॉलेज निवाडी में वीएएलएलवी , एलएलवी , समेत एलएलएम की कक्षाएँ नहीं होने की बजह से कानून विधि की शिक्षा प्राप्त करने के लिये जिले से बाहर सागर, भोपाल, इंदौर के अलावा अंतर राज्यो मे इस जिले के छात्रों को मजबूरन विधिक अध्ययन करने जाना पडता है। जिस कारण आर्थिक समस्याएं अन्य परेशानियां आती है एवं असुविधा होती है। नहीं पढाये जाने की बजह से छात्रों को मजबूरन अनैच्छिक अन्य विषयो पर शिक्षा लेना पड़ती है। निर्धन गरीब मजदूर परिवारों के बच्चे तथा इक्छुक छात्र छात्राएं लॉ एजूकेशन से वंचित हो रहे है माननीय जी से आग्रह है कि निवाडी जिले में लॉ एजूकेशन को दृ?ष्टिगत रखते हुए कृपया प्रधानमंत्री आंफ एक्सीलेंस शासकीय अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्नाकोत्तर महाविद्यालय में क्क.स्स्न्ह, स्स्न्ह एवं स्स्रू की कक्षाएँ आगामी उच्च शिक्षा सत्र वर्ष 2025 26 से प्रारंभ की जाये ताकि जिले के होनहार मेधावी छात्रों को निवाडी में ही कानून की शिक्षा प्राप्त हो सके । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस महत्वपूर्ण मांग को संज्ञान में लेते हुए आश्वासन दिया कि अतिशीघ्र आगामी उच्च शिक्षा सत्र से निवाड़ी जिले में विधि महाविद्यालय की कक्षाएं प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और विधि शिक्षा जैसे विषयों का विस्तार छोटे जिलों तक होना चाहिए इस दौरान विधि महाविद्यालय की मांग कर रहे विवेक भास्कर प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अहिरवार समाज संघ ने कहा कि निवाड़ी जिले के छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उन्हें उचित मंच और अवसर की आवश्यकता है। विधि महाविद्यालय की स्थापना से जहां छात्रों को शिक्षा का लाभ मिलेगा, वहीं जिले में कानूनी जागरूकता और सामाजिक विकास को भी नई गति प्राप्त होगी यह कदम निवाड़ी को शैक्षणिक दृष्टि से सशक्त बनाएगा और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करेगा साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में समान अवसर की प्राप्ति और समान शिक्षा का अधिकार जिसे माननीय मुख्यमंत्री जी ने सहज स्वीकार करते हुए विवेक भास्कर समेत विधार्थियों को भरोसा दिलाया है कि अतिशीघ्र घोषणा करके विधि महाविद्यालय स्थापित किया जायेगा । मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के आश्वासन से जिलेभर के छात्रों मे खुशी का माहौल है तथा उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया । यह रहे मौजूद विधि विधार्थी मोहम्मद शंहशाह , तनिष्क भट्ट , हर्षित कनाडे , यशस्वी सिंह परिहार , शबा शेख विधि विधार्थी मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए उपस्थित रहे ।

# माननीय मंत्री श्री दिलीप जायसवाल जी द्वारा हाट बाजार में निर्मित 20 चबूतरो का पूजन एवं लोकार्पण





**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

कोतमा/आमाडांड। कोतमा विधानसभा के ग्राम आमाडांड में हाट बाजार परिसर में निर्मित 20 चबूतरों का पूजन कर विधि-विधान से लोकार्पण लघु एवं कुटीर उद्योग मंत्री श्री दिलीप जायसवाल जी द्वारा किया गया एवं जनता को समर्पित किया। इन चबूतरों के निर्माण से हाट बाजार में आने वाले व्यापारियों व स्थानीय ग्रामीणों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। इससे न केवल व्यापारियों को कारोबार करने में आसानी होगी, बल्कि आमजन को भी ख़रीददारी के लिए व्यवस्थित व्यवस्था मिल पाएगी। ग्राम के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में यह चबूतरे निश्चित ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। इस अवसर पर श्रीमती धनमती सिंह जी (जनपद अध्यक्ष अनूपपुर), सुश्री भारती केवट जी (जिला पंचायत सदस्य), श्रीमती रानी प्रजापति जी (जनपद सदस्य), श्री शंकर सिंह मार्को जी (सरपंच) सहित अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण बंधु उपस्थित रहे। जनता का अपार स्नेह और आशीर्वाद मेरे लिए शक्ति का स्रोत है। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि विकास की यह यात्रा इसी तरह निरंतर जारी रहेगी और क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाने के लिए सदैव समर्पित रहूँगा।

# लगातार बारिश से जनहानि, प्रशासन ने पहुंचाई तत्काल आर्थिक सहायता



**जगदलपुर।** जिले में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के बीच बास्तानार क्षेत्र में अतिवृष्टि से जनहानि की दुखद घटना सामने आई है। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में तोकापाल एसडीएम शंकर सिन्हा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात ग्राम सावगेल निवासी माहरु का मकान बारिश से गिर गया, जिसके मलबे में दबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रशासन ने मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी चैती को तत्काल राहत राशि के रूप में 25 हजार रुपये प्रदान किए। साथ ही, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आगे की आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के लिए प्रकरण तैयार कर लिया गया है, जिसके अनुमोदन के बाद शेष सहायता राशि भी परिजनों को उपलब्ध कराई जाएगी।

# भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला स्तरीय महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक एवं ज्ञापन कार्यक्रम रायसेन

**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

मुख्य अतिथि

मा. सुनील बैरसिया जी (प्रदेश संयोजक भीम आर्मी मध्य प्रदेश)

विशेष अतिथि

मा. एड. जीतेन्द्र मूलनिवासी जी (प्रदेश सचिव भीम आर्मी मध्य प्रदेश एवं प्रभारी जिला रायसेन,सीहोर) भीम आर्मी जिला रायसेन एवं तहसील,ब्लॉक, विधानसभा, कमेटी के सभी पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30 अगस्त 2025 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय रायसेन में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक एवं ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक संगठन के भविष्य की दिशा तय करने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है ।इसमें आपकी उपस्थिति अति आवश्यक है आपसे निवेदन है कि समय का ध्यान रखते हुए अपने अधिक से अधिक साथियों के साथ इस बैठक में सम्मिलित हो । मान सम्मान की लड़ाई में जिनका खून खोलता है बो बैठक आंदोलन में अवश्य शामिल होते है ।

**बैठक के प्रमुख एजेंडा**

- जिले के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्य का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करना।




(कितनी बैठकें हुई, कितने आंदोलन हुए, जिला/ब्लॉक/तहसील/नगर/पंचायत स्तर की कितनी कमेटियाँ बनीं)

- जिला एवं तहसील की पूरी कमेटी की उपस्थिति।
- जिला संयोजक अपनी जिला कमेटी सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।
- सभी ब्लॉक, तहसील एवं नगर संयोजक अपनी-अपनी पूरी कमेटियों सहित बैठक में शामिल हों।
- प्रत्येक साथी अपने ब्लॉक/तहसील/नगर की कमेटियों की सूची की छाया प्रति लेकर आएँ।
- राष्ट्रीय अधिवेशन सहयोग हेतु दिए गए रसीद कट्टे अनिवार्य रूप से साथ लाएँ।
- संगठन के विस्तार एवं मजबूती हेतु विशेष गाइडलाइन दिशा निर्देश ।
- कुछ समय पहले रायसेन जिले के देवरी में सामंतवादी लोगो द्वारा भीम आर्मी का पुतला दहन किया एवं जिले में हक रहे अन्याय अत्याचार एवं शोषित वंचित वर्गों की मूल समस्याएं को लेकर विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम ।
- **तिथि**- 30 अगस्त 2025 दिन शनिवार
- **समय**- प्रात: 12ः00 बजे से 3 बजे तक बैठक शाम 3 बजे से 5 तक ज्ञापन कार्यक्रम ।
- **स्थान**- जाटव समाज सामुदायिक भवन रायसेन (म.प्र.)

**जीतेन्द्र मूलनिवासी**
प्रदेश सचिव भीम आर्मी मध्य प्रदेश (प्रभारी जिला रायसेन, सीहोर)

**राकेश अम्बेडकर (जिला संयोजक रायसेन )**
भीम आर्मी भारत एकता मिशन



आदरणीय माननीय सांसद महोदय नारायण दास अहिरवार लोकसभा जालौन उत्तर प्रदेश से दिल्ली में सांसद जी के निवास पर सोजन भेंट की सर्व समाज जन सेवक संगठन मध्य प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व भारतीय जनता पार्टी बुधनी विधानसभा प्रभारी एवं अनुसूचित जाति जिला उपाध्यक्ष सीहोर के साथ जितेंद्र माहिरे रंजीत अहिरवार दामोदर अहिरवार सुरेंद्र जैन साथ में थे।

# मुख्यमंत्री का कड़ा निर्देशः बस्तर बाढ़ प्रभावितों को हरसंभव मदद पहुँचाएँ

## राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को दिए युद्धस्तरीय निर्देश, प्रभावित जिलों में सड़क, बिजली और आवास पुनर्स्थापना प्राथमिकता पर




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों—बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के कलेक्टरों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हर बाढ़ प्रभावित परिवार तक तत्काल और हरसंभव मदद पहुँचाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की पीड़ा शीघ्र कम हो और लोगों को यह अनुभव हो कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन उनके साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने अधिकारियों को जनहानि और पशुहानि प्रभावितों को तुरंत राहत राशि उपलब्ध कराने और क्षतिग्रस्त आवासों के सुधार हेतु तिरपाल, बाँस-बल्ली और अन्य आवश्यक सामग्री प्राथमिकता से वितरित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रभारी सचिवों को अपने जिलों का भ्रमण कर राहत कार्यों का सतत निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सड़क संपर्क बहाली, पुल-पुलियों की मरम्मत और बिजली आपूर्ति पुनर्स्थापना के कार्य युद्धस्तर पर कराने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, राजस्व सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले, लोक निर्माण विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह, बस्तर संभाग के आयुक्त डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी सहित संबंधित जिलों के कलेक्टर और अधिकारी उपस्थित थे।




गपोड़ चंद मन गपोड़-गपोड़ के,
अंधविश्वास बगरावत रहिथे।
अउ इहां के अंधभक्त मन,
फोकटइहा छाती फुलावत रहिये।।
सरकार के मंत्री,बाबा-ढाबा,
विज्ञान ला झूठ बतावत रहिथे।
संविधान के अपमान ये करथे,
देस के नाक कटावत रहिथे।।
**लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत दुर्ग ( छ0ग0 )**

# बस्तर के दो छात्र राष्ट्रीय यूथ रेडक्रॉस कैंप में प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं




जगदलपुर। बस्तर जिले के होनहार छात्र निरंजन निषाद (वीर योद्धा जकारकन भतरा शासकीय महाविद्यालय, बकावंड) और योगेश ठाकुर (शहीद हरचंद नाईक शासकीय महाविद्यालय, तोकापाल) राष्ट्रीय इंटर-स्टेट यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह महत्वपूर्ण कैंप हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 22 अगस्त से आयोजित हो रहा है। राज्य स्तर पर चयनित इन दोनों छात्रों को अब राष्ट्रीय स्तर पर रेडक्रॉस के सिद्धांतों और मानवीय सेवा के कार्यों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला है। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी बस्तर जिला टीम, महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। यह प्रशिक्षण शिविर युवाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है और उन्हें मानवीय सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का मार्ग दिखाता है।

# कैप्टन मनोज पांडे मेमोरियल निबंध प्रतियोगिता





10 यूपी बटालियन एनसीसी मथुरा के तत्वाधान में अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में कैप्टन मनोज पांडे मेमोरियल निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। कारगिल युद्ध के हीरो परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके जीवन से छात्रों को प्रोत्साहित होना चाहिए और घर, परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करना चाहिए। ये बातें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेई जी ने निबंध प्रतियोगिता के शुभारंभ पर कहीं। प्रतियोगिता की संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ मनोरमा कौशिक ने बताया कि कैप्टन मनोज कुमार पांडेय ने सफलताओं के कई प्रतिमान गढ़े हैं। इसलिए सभी कैडेट्स उनसे प्रेरित होकर न सिर्फ सैन्य सेवाओं, बल्कि सिविल सेवाओं से लेकर समाज सेवा व आपदा कालीन सेवाओं तक में योगदान देने का प्रयास करें। इस प्रतियोगिता को कराने का उद्देश्य यही है। प्रतियोगिता में विजय कैडेट्स को बाद में पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के पी आई दामोदर घोष एवं मांडवी राठौर उपस्थित थे।

# छात्रावास में 10वीं कक्षा के छात्र की मौत, प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप, परिजनों ने सरकारी मदद ठुकराई

**संभागीय संवाददाता -राजू राय**



शहडोल जिले के सीनियर एसटी छात्रावास में रह रहे 10वीं के छात्र राजा प्रजापति की मौत ने प्रबंधन की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नाश्ता करने के बाद बिगड़ी तबीयत में समय रहते कदम नहीं उठाए गए,शहडोल जिले के सीनियर अनुसूचित जनजाति नवीन बालक छात्रावास में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले छात्र राजा प्रजापति की मौत ने छात्रावास प्रबंधन और व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजा प्रजापति, जो ग्राम बोड़री का निवासी था, की तबीयत 22 अगस्त को नाश्ता करने के बाद बिगड़ गई। साथी छात्रों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत में सुधार न होने पर उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया। वहां 23 अगस्त को उसकी मौत हो गई।


# सर्व समाज जन सेवक संगठन मध्यप्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष ने केंद्रीय कृषि मंत्री से मुलाकात की



**दिल्ली।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं वर्तमान कृषि केंदीय मंत्री से सर्व समाज जन सेवक संघ के मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष श्री गया प्रसाद अहिरवार ने मुलाकात की एवं उन्होंने प्रदेश में किसानों की समस्या के बारे में बताया एवं संगठन के उद्देश्य के के बारे में बताया।

# विधिक सहायता और अधिकार विषय पर अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**पत्रकार बीआर अहिरवार**



**नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ कल्पना भारद्वाज के मार्गदर्शन में विधिक सहायता और अधिकार विषय पर अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डा अभिषेक सिंह ने विधिक सहायता की महत्ता, नागरिकों के मौलिक अधिकार तथा न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करने पर उद्बोधन दिया। विभागाध्यक्ष श्री शिवाकांत मौर्य ने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि इस योजना को समाज में जागरुकता फैलाना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता बढ़ाना तथा समाज के वंचित वर्गों को न्यायिक सहयोग प्रदान करना रहा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )